**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–26.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **महाशिवरात्रि पर आज राज्यभर के मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, बाबा नगरी देवघर में मुख्यमंत्री करेंगे शिवरात्रि महोत्सव का उदघाटन, महाकुंभ में आखिरी स्नान के लिए भी उमड़ा जनसैलाब।**
2. **सीबीएसई 10वीं की परीक्षा 2026 से साल में होगी दो बार, मसौदा नियमों को दी गयी मंजूरी, हितधारकों से नौ मार्च तक मांगी गयी राय।**
3. **नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता, चाईबासा में नक्सली डंप को किया ध्वस्त, भारी मात्रा में हथियार, गोला–बारूद और अन्य सामग्री बरामद।**
4. **रांची में 15 दिवसीय स्टेट हैंडलूम एक्सपो शुरु, राज्य सरकार ने हैंडलूम सेक्टर में काम करने वालों को दिया सहयोग का भरोसा।**
5. **रांची में आज 53वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला, मेजबान झारखंड की एसएससीबी के साथ होगी खिताबी भिड़ंत।**

*******************

**समाचार विस्तार से**

महाशिवरात्रि को लेकर राज्यभर में उत्साह का माहौल है और भोले बाबा के रुद्राभिषेक के लिए भक्तों की भारी भीड़ सुबह से शिवालयों में उमड़ पड़ी है। बाबा नगरी देवघर में शिवरात्रि महोत्सव की खास तैयारी की गयी है। हमारी संवाददाता ने बताया कि शिवरात्रि के दिन बाबा भोलेनाथ के चतुष प्रहर पूजा की परंपरा रही है।

महाशिवरात्रि के मौके पर बाबा बैद्यानाथ धाम में सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता।

राजधानी रांची में शिवरात्रि को देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि रांची में पहाड़ी मंदिर समेत अन्य शिवालयों में लोग आस्था के साथ जलाभिषेक कर रहे हैं।

दुमका के बाबा बासुकीनाथ में भी भोलेनाथ के जयकारे से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सुबह से ही भक्त शिवालयों के बाहर कतार में खड़े होकर भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।

*******************

प्रयागराज महाकुंभ में भी आज श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। महाशिवरात्रि के पावन स्नान के साथ ही 45 दिन के इस आध्यात्मिक महाकुंभ का समापन हो जायेगा।

*******************

*******************

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई वर्ष 2025–26 से 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दो बार कराने की योजना बना रहा है। बोर्ड ने इसके लिए तैयार किए गए मसौदे पर 9 मार्च तक विचार आमंत्रित किए हैं। मसौदे में पहली परीक्षा फरवरी से मार्च तक और दूसरी परीक्षा मई में कराने का प्रस्ताव है। सीबीएसई ने कहा है कि दो में से एक परीक्षा मुख्य परीक्षा होगी और सुधार की जरुरत महसूस करने पर विद्यार्थी दूसरी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

*******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में चाईबासा में पुलिस ने नक्सली डंप को ध्वस्त किया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि टोंटो थाना क्षेत्र के मिले डंप से भारी मात्रा में हथियार, गोला–बारूद और अन्य सामग्रियां बरामद की गयी हैं। उन्होंने बताया कि इस डंप में से अमेरिकी हथियार एम 16 भी बरामद हुआ है।

*******************

रांची में 15 दिवसीय स्टेट हैंडलूम एक्सपो शुरु हो गया है। इसका उदघाटन राज्य के उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने किया। इस मौके पर उद्योग सचिव ने कहा कि झारखंड के इतिहास में पहली बार इस तरह का स्टेट हैंडलूम एक्सपो आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि हैंडलूम के क्षेत्र में काम करने वालों को राज्य सरकार हर संभव सहयोग देगी।

*******************

रांची में आज 53वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबॉल चौंपियनशिप का फाइनल मैच खेला जायेगा। आज दिन के 11 बजे से मेजबान झारखंड की एसएससीबी के साथ खिताबी भिड़ंत होगी। इससे पहले होटवार स्थित खेलगांव के हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में पहले सेमीफाइनल मैच में झारखंड ने पंजाब को और एसएससीबी ने मध्य प्रदेश को पराजित किया।

*******************

- कांग्रेस विधायक दल की रांची में एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रभारी के. राजू भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पार्टी कोटे से बने मंत्रियों और विधायकों को संगठन की मजबूती के लिए अलग–अलग जिलों की जिम्मेवारी सौंपी।
- झारखंड प्रदेश भाजपा के आर्थिक प्रकोष्ठ द्वारा केंद्रीय बजट 2025 के विभिन्न पहलुओं पर गहन मंथन के लिए आज जमशेदपुर में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया है। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव प्रताप रूढ़ी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे।
- देवघर से नयी दिल्ली के लिए दूसरी फ्लाईट 30 मार्च से शुरू होने वाली है। इंडिगो की 183 सीटर विमान दिल्ली से शाम साढ़े पांच बजे उड़ान भरेगा और शाम 7 बजे देवघर पहुंचेगा।

*******************

रांची समेत राज्यभर में आज मौसम शुष्क बना रहेगा। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि कल से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जायेगी। इससे लोगों को गर्मी महसूस होगी। मौसम विभाग के अनुसार कल उत्तर पश्चिमी भाग में आंशिक बादल छा सकते हैं, जबकि शेष भागों में आसमान साफ रहेगा।

## राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले के खुलासे की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– मजदूर बनकर स्ट्रांग रुम से प्रश्न पत्र निकाल वायरल किया, सरगना समेत छह गिरफ्तार।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– सदन में बालू पर हंगामा, पक्ष–विपक्ष में नोकझोंक।

**दैनिक भास्कर** लिखता है– चमत्कार के इंतजार में मजदूरों के परिजन, टूट रहा सब्र, टनल के मुहाने पर ही नजर।

**दैनिक भास्कर** के शब्द हैं– सीएम 28 को 28 हजार 945 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को सौंपेंगे टैब।

********समाप्त***********